**श्रेष्ठ सुप्रभात**

**आदमी किसी भी संप्रदाय में रहे,
किसी को भी माने,
पर सच्चाई का पक्षधर रहे,
सच्चाई का स्थान
संप्रदाय से भी ऊपर है।**
-आचार्य महाश्रमण

# NEXT
NEWS EXCELLENT TODAY

तापमान (डिग्री सेल्सियस)

| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| श्री डूंगरगढ़ | 23.0 | 9.0 |
| बीकानेर | 23.0 | 9.0 |
| जयपुर | 20.0 | 11.0 |

E- Paper NEXT 0012

newsexcellenttoday.com | 23 दिसंबर 2024, सोमवार | मार्गशीर्ष, कृष्ण पक्ष नवमी - 2081


## जैन समाज श्रीडूंगरगढ़ की प्रथम आरजेएस महिमा दुगड़ का हुआ भव्य अभिनंदन समारोह
### एक जज ईमानदारी से कार्य करते हुए श्रेष्ठ समाज का निर्माण कर सकता है: एसीजेएम हर्षकुमार

**NEXTI** श्रीडूंगरगढ़ में जैन श्वेतांबर तेरापंथी समाज की संस्था श्री जैन श्वेतांबर तेरापंथी सभा, तेरापन्थ महिला मंडल, तेरापन्थ युवक परिषद और अणुव्रत समिति द्वारा संयुक्त रूप से जैन समाज श्रीडूंगरगढ़ की प्रथम महिला जज बनने वाली महिमा दुगड़ का मालू भवन में भव्य अभिनंदन किया गया। एसीजेएम हर्ष कुमार की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में एसडीएम उमा मित्तल, विशिष्ट






अतिथि के रूप में सीओ निकेत पारीक, सीआई इंद्र कुमार, स्वागताध्यक्ष के रूप में भामाशाह जतनलाल पुगलिया और सभाध्यक्ष सुशीला पुगलिया मंचस्थ रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ साध्वी सुमंगला सहित सहवर्ती साध्वियों द्वारा मंगलाचरण के साथ हुआ। साध्वी कुंथुश्री ने इस दौरान कहा कि इस पद पर विराजित व्यक्ति निष्पक्ष, निर्भीक और स्वतन्त्र होकर कार्य करे। पद व्यक्ति को पूजाता है और व्यक्ति पद को। इसलिए पद पर आसीन व्यक्ति पदानुरूप कार्य करता रहे। महिमा दुगड़ अपने आगामी दायित्व का कुशलता के साथ निर्वहन करें। कार्यक्रम में साध्वी संघप्रभा, साध्वी जीतयशा, साध्वी सम्पतप्रभा ने विचार व्यक्त किये। एसीजेएम हर्ष कुमार ने महिमा दुगड़ को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आप एक संतुलन रखते हुए न्याय को सर्वोपरि स्थान दें। एक जज ईमानदारी के साथ अपने दायित्व का निर्वहन करके एक अच्छे समाज के निर्माण में सहभागी बन सकता है। एसडीएम उमा मित्तल ने कहा कि एक जज का जीवन व्यक्तिगत न होकर, सार्वजनिक हो जाता है। आपके व्यक्तित्व का निखार आपके कार्य से होगा। सीओ निकेत पारीक ने कहा कि इस कार्यक्षेत्र में काफी चुनौतियां आएगी। आपको निर्भीकता और निष्पक्षता के साथ आगे बढ़ना है। सीआई इन्द्रकुमार ने कहा कि आपका आगामी जीवन आपके कार्यक्षेत्र में उच्चस्थ पद की ओर बढ़ता जाए और आप सदैव सत्य के लिए न्याय प्रदान करते रहें। स्वागताध्यक्ष की ओर से नारी रत्न शान्ता पुगलिया ने कहा कि यह श्रीडूंगरगढ़ क्षेत्र के लिए गौरव की बात है। समाज की हमारी बेटियां आगे बढ़ती रहे। सभाध्यक्ष सुशीला पुगलिया ने कहा कि यह आज विशेष अवसर है जब समाज की बेटी का अभिनंदन करने के लिए हम सब यहां उपस्थित हुए है। समाज की बेटियों को इससे प्रोत्साहन मिलेगा। अणुव्रत समिति की ओर से मंत्री एडवोकेट रणवीरसिंह खीची, तेरापन्थ युवक परिषद की ओर से अध्यक्ष मनीष नौलखा, वरिष्ठ श्राविका झीणकार देवी बोथरा, महिमा के परिजनों से अंजना रामपुरिया, मंजू झाबक ने अपने भावों की अभिव्यक्ति दी और तेरापन्थ महिला मण्डल की ओर से सामूहिक गीतिका का संगान हुआ। वरिष्ठ श्रावक विजयराज सेठिया ने अभिनंदन पत्र का वाचन किया। मंचस्थ अतिथियों और चारों संस्थाओं द्वारा महिमा दुगड़ को शॉल ओढ़ाकर व अभिनंदन पत्र देकर सम्मानित किया गया। आरजेएस महिमा दुगड़ ने कहा कि आप सभी का स्नेह, अपनापन और प्रमोद भावना देखकर अभिभूत हूँ। आप सभी के आशीर्वाद से मैं अपने कर्त्तव्य पथ पर आगे बढ़ती रहूं, ऐसा सामर्थ्य मुझे मिले।

कार्यक्रम संयोजक राजू हिरावत ने बताया कि समागत अतिथियों का रिद्धकरण लूणिया, तुलसीराम चौरड़िया, भीकमचंद पुगलिया जयपुर, महेंद्र मालू, संजय बरड़िया, मनीष नौलखा, ओसवाल पंचायत अध्यक्ष विनोद भादानी, अणुव्रत समिति उपाध्यक्ष सत्यनारायण स्वामी,t



तेरापन्थ महिला मंडल मंत्री संगीता बोथरा ने शॉल ओढ़ाकर सम्मान किया।

कार्यक्रम में नेता प्रतिपक्ष अंजू मनोज पारख, बार संघ अध्यक्ष सत्यनारायण प्रजापत, वरिष्ठ एडवोकेट गोपीराम जानू, एडवोकेट बाबूलाल दर्जी, पार्षद सोहनलाल ओझा, महेंद्र मालू, हरिशंकर बाहेती, सहीराम जाट, अशोक बैद, भंवरलाल दुगड़, अमित बोथरा, दीपक छाजेड़, छोटू दुगड़ सहित सैकड़ों गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। आभार ज्ञापन सभा मंत्री प्रदीप पुगलिया ने किया। कार्यक्रम का संचालन के.एल. जैन ने किया।

## राष्ट्रीय लोक अदालत में 217 प्रकरणों का निस्तारण
### 75.25 लाख रुपये की अवार्ड राशि पारित, 3 करोड़ की वसूली के आदेश

**NEXTI** श्रीडूंगरगढ़ न्यायालय परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया जिसमें पक्षकारों के बीच आपसी सहमति एवं समझौते से पीठासीन अधिकारियों द्वारा कुल 217 प्रकरणों का निस्तारण किया गया। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश जयपाल ज्याणी की अदालत में राजीनामा योग्य फौजदारी, सिविल, पारिवारिक, दुर्घटना दावों सहित कुल 17 लम्बित प्रकरणों का निस्तारण किया गया। इनमें से दुर्घटना दावों में करीब 50 लाख रुपए की क्षतिपूर्ति राशि के अवार्ड पारित किए गए।



तालुका विधिक सेवा समिति श्रीडूंगरगढ़ के अध्यक्ष एवं एसीजेएम हर्ष कुमार की अदालत में कुल 200 प्रकरणों का निस्तारण किया गया। इनमें से न्यायालय में लंबित राजीनामा योग्य फौजदारी, सिविल, वसूली, पारिवारिक, भरण-पोषण एवं चैक अनादरण सहित विभिन्न प्रकार के कुल 56 प्रकरणों का निस्तारण किया गया। इसमें कुल 15लाख 25हजार 268 रुपए की




राशि के भुगतान के आदेश पारित किए गए।

लोक अभियोजक एडवोकेट गोपीराम जानू ने बताया कि इसी प्रकार बकाया ऋण, बिजली , पानी सहित अन्य विवादों से सम्बंधित प्रिलिटिगेशन के कुल 156 मामलों का निस्तारण करते हुए पक्षकारों के मध्य आपसी समझौते से 2करोड़ 94लाख 38हजार 119 रुपए वसूली के आदेश पारित किए गए।

न्यायालय परिसर में बैंक, राजस्व, बिजली, जलदाय सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियो, कर्मचारियों, अधिवक्ताओं सहित बड़ी संख्या में पक्षकार उपस्थित रहे। इस दौरान लोक अदालत में बार संघ अध्यक्ष सत्यनारायण प्रजापत, अपर लोक अभियोजक गोपीराम जानू, अभियोजन अधिकारी सपन कुमार सहित वरिष्ठ अधिवक्ता मोहनलाल सोनी, बाबूलाल दर्जी, मांगीलाल नैण, राजूराम जाखड़, सोहननाथ सिद्ध, रणवीर सिंह, पीटीशन राइटर मालचंद स्वामी, भगवानाराम आदि ने अपनी सेवाएं दीं।

## रेलवे मजदूर संघ की रतनगढ़ ईकाई के गोदारा हुए सम्मानित

**NEXTI** उत्तर पश्चिम रेलवे मजदूर संघ बीकानेर मंडल की रतनगढ़ इकाई के सचिव, जोनल वर्किंग कमेटी के सदस्य और रेलवे श्रमिक सहकारी बैंक बीकानेर के उपाध्यक्ष सीताराम गोदारा को समाज गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें "आओ साथ चलें जाट समिति, जयपुर" द्वारा अजेय योद्धा और जाट शिरोमणि महाराजा सूरजमल के बलिदान दिवस और चौधरी चरण सिंह की जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित समारोह में प्रदान किया गया।

गोदारा को यह सम्मान रेलवे कर्मचारियों के लिए उनके उत्कृष्ट कार्यों और उपलब्धियों के लिए



दिया गया। उनका यह योगदान समाज और कर्मचारियों के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। गुसाईंसर बड़ा निवासी गोदारा की इस उपलब्धि पर क्षेत्र और समाज में गर्व की भावना है।

## कालू में कन्या मण्डल ने प्ले एंड प्लेटर कार्निवल का आयोजन

**NEXTI** निकटवर्ती गांव कालू में अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल के निर्देशानुसार स्थानीय कन्या मंडल कालू ने प्ले एंड प्लेटर कार्निवल का आयोजन किया जिसमें स्टॉल लगाकर मनोरंजन किया गया। कार्यक्रम में सात कन्याओं ने भाग लिया, जिसमें फूड स्टॉल व आर्ट स्टाल लगाए गए। कार्यक्रम का प्रारंभ साध्वी हेमलता व साध्वी स्मितप्रभा के द्वारा मंगल पाठ के साथ किया गया। महिला मंडल द्वारा कार्यक्रम शुरू किया गया एवं तिलक लगाकर कन्या मंडल का उत्साह बढ़ाया। कार्यक्रम में



ज्ञानशाला के बच्चे, महिला मंडल, युवक परिषद, सभा एवं अन्य समाज के लोग भी विशेष अतिथि के रूप में शामिल हुए।

## मनरेगा के विकास कार्यों का सामाजिक अंकेक्षण शुरू
### 27 दिसम्बर को ग्राम सभा आयोजित

**NEXTI** श्रीडूंगरगढ़ क्षेत्र में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) के तहत किए गए विकास कार्यों का सामाजिक अंकेक्षण चल रहा है। जालबसर, जाखासर, जोधासर और कल्याणसर ग्राम पंचायतों में 22 दिसंबर से 26 दिसंबर तक इन कार्यों का भौतिक सत्यापन किया जा रहा है।

इस प्रक्रिया में निजी कैटल शेड, डिग्गी निर्माण, सीसी ब्लॉक सड़क, ग्रेवल सड़क, पौधारोपण, कच्चा जोहड़ खुदाई और अन्य कार्य शामिल हैं।

सत्यापन का उद्देश्य कार्यों की गुणवत्ता और पारदर्शिता सुनिश्चित करना है। ब्लॉक रिसोर्स पर्सन (BRP) बाबूलाल गर्ग ने बताया कि मोहन राम, रामनारायण मेघवाल, बिरजू खिलेरी सहित टीम द्वारा पिछले छः महीनों में किए गए कार्यों का रिकॉर्ड और भौतिक सत्यापन किया जा रहा है। ग्राम विकास अधिकारी (VDO) ने टीम का स्वागत किया और सहयोग का आश्वासन दिया।



बाबूलाल गर्ग ने बताया कि 27 दिसंबर को सभी संबंधित गांवों में ग्राम सभा का आयोजन होगा। इस सभा में टीम अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी।

इसमें ग्राम पंचायत के सरपंच, कार्यवाही अधिकारी, प्रभारी, ग्राम विकास अधिकारी, एलडीसी, और ग्रामीण उपस्थित रहेंगे।

गर्ग ने कहा कि इस पहल का उद्देश्य सरकारी योजनाओं में पारदर्शिता लाना और ग्रामीण विकास कार्यों की प्रभावशीलता सुनिश्चित करना है।

## स्कूल में नहीं पीने का समुचित पानी, पार्षद ने की मांग

**NEXTI** कस्बे के वार्ड नं 7 के पार्षद मघराज तेजी ने विधायक को विद्यार्थियों की समस्याओं के निस्तारण के लिए ज्ञापन सौंपा। पार्षद तेजी ने कहा कि वार्ड 7 के राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय में मूलभूत सुविधाओं की कमी है जिसके कारण विद्यार्थियों को काफी परेशानी उठानी पड़ती है। तेजी ने कहा कि कक्षा कक्ष, जल कनेक्शन, शौचालय की कमी के कारण विद्यार्थी परेशान होते हैं। तेजी ने कहा कि विद्यार्थियों की सुविधा के लिए समस्याओं के शीघ्र निस्तारण की आवश्यकता है।